**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3672**
**सोमवार, 11 अगस्त, 2025/20 श्रावण, 1947 (शक)**

**हरियाणा के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर**

**3672. कुमारी सैलजा:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हरियाणा में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कोई योजना तैयार की है; और
(ख) यदि हां, तो योजनाओं और उनके कार्यान्वयन का ब्यौरा क्या है**?**

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ख)**:** रोज़गार सृजन के साथ-साथ युवाओं की रोज़गार क्षमता में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता है। तदनुसार, सरकार हरियाणा राज्य सहित देश में विभिन्न रोज़गार सृजन योजनाओं/कार्यक्रमों को क्रियान्वित कर रही है। इनमें अन्य के साथ-साथ प्रधान मंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम), दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), ग्रामीण स्वरोजगार और प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई), दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम), प्रधान मंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि), प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), स्टार्ट अप इंडिया आदि शामिल हैं। सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न रोजगार सृजन योजनाओं/कार्यक्रमों का विवरण https://dge.gov.in/dge/schemes_programmes पर देखा जा सकता है।

भारत सरकार का श्रम और रोजगार मंत्रालय, राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चला रहा है, जो निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों की जानकारी, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, रोजगार क्षमता वृद्धि कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

एनसीएस योजना का एक उद्देश्य आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना करना है। मंत्रालय ने हरियाणा राज्य में 4 एमसीसी को मंजूरी दी है। ये केंद्र स्थानीय युवाओं और अन्य रोजगार चाहने वालों को प्रौद्योगिकी तथा करियर परामर्श और प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार के अवसरों से जोड़ते हैं। इस प्रकार ये मॉडल करियर केंद्र (एमसीसी) राज्यों और अन्य संस्थानों के सहयोग से आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं के लिए रोजगार मेलों के आयोजन, नियोक्ताओं को संगठित करने, स्थानीय स्तर पर करियर परामर्श प्रदान करने आदि के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करते हैं।

दिनांक 10.07.2025 तक, हरियाणा राज्य में एनसीएस पोर्टल पर 4.25 लाख से अधिक रिक्तियां जुटाई गई हैं।

इसके अलावा, सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रधान मंत्री विकसित भारत रोजगार योजना नामक रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को मंजूरी दी है।

******